आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 12.09.2026 समय: 18:30 पीएम

- ब्रिक्स सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणा पत्र अपनाया-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता को जन केन्द्रित बताया।
- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में अब तक का सबसे अधिक मतदान-करीब **73** प्रतिशत वोट डाले गये।
- राज्य में बारिश का नया दौर शुरू होने से कई हिस्से तर-मौजूदा मौसमी तंत्र का असर **16** सितम्बर तक बने रहने की संभावना।
- गणेश महोत्सव को लेकर प्रदेश में उल्लास और भक्ति का माहौल-बाबा रामदेव मेला कल से शुरू होगा।

000

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के पहले ही दिन ही सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणापत्र को अपना लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घोषणापत्र को अपनाने का प्रस्ताव रखा था। सम्मेलन के समापन भाषण में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि ये घोषणापत्र सदस्य देशों के साझा संकल्प को स्पष्ट दिशा देता है। उन्होंने कहा कि इन संकल्पों को परिणामों में बदलना सबकी साझा जिम्मेदारी है।

--------------

नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि बदलती दुनिया को पुराने संस्थानों से निर्देशित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और नियम निर्माण में सुधार पर जोर दिया। श्री मोदी ने ये भी कहा कि भविष्य की प्रौद्योगिकियों और उन्हें नियंत्रित करने वाले नियमों में ग्लोबल साउथ देशों की समान भागीदारी होनी चाहिए। इससे पहले समावेशी वैश्विक शासन और बहुपक्ष वाद को मजबूत करने पर आधारित सत्र के उद्घाटन भाषण में श्री मोदी ने ब्रिक्स निरंतरता और कार्यान्वयन तंत्र का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि ये तंत्र तीन पक्षों के समूह ट्रोइका के जरिये सभी पहलों और परिणामों की निगरानी करने में सक्षम बनाएगा। प्रधानमंत्री ने भारत की अगुवाई वाले इस वर्ष के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता जन केन्द्रित और मानवता प्रथम के दृष्टिकोण पर आधारित है। श्री मोदी ने कहा कि लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। इन्हीं के मार्गदर्शन में भारत ने ब्रिक्स सहयोग को आम जनता से सीधे जोड़ने पर बल दिया है।

--------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से सभी ब्रिक्स देशों के नेताओं का भारत की धरती पर आगमन का स्वागत किया है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सहयोग, संवाद और साझा प्रगति का नया वैश्विक अध्याय लिख रहा है।

000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज नई दिल्ली में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान-आई.सी.ए.आई. के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस समारोह का आयोजन देशभर में 23 केंद्रों पर किया गया। समारोह में श्री मेघवाल ने नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 17 सौ से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त किया गया है। इससे ईज़ आफ लिविंग के साथ ही विश्वास आधारित शासन को नई गति मिली है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने नगरीय निकाय चुनावों में राज्य में अब तक का सबसे अधिक मतदान दर्ज होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने आज राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह से मुलाकात कर बधाई दी और इस उपलब्धि के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना की।

प्रदेश में 309 नगरीय निकायों में दो चरणों में हुए मतदान में लगभग 73 प्रतिशत वोट डाले गये। सबसे अधिक 91 दशमलव पांच नौ प्रतिशत वोटिंग बालोतरा जिले के धोरीमन्ना की नगर पालिका में हुई। हनुमानगढ़ जिले की गोलूवाला नगर पालिका में भी 90 प्रतिशत मतदान हुआ।

इस बीच, मतगणना प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोग की ओर से मतगणना को लेकर विभिन्न स्तरों की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 14 सितम्बर को होने वाली वोटों की गिनती के लिए पर्यवेक्षकों और गणना सहायकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

000

रूस में आयोजित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ब्यावर की एश्वर्या यादव भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। येकातेरिनबर्ग में ये महोत्सव 17 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान एश्वर्या वाद-विवाद तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेंगी। उनकी इस उपलब्धि से ब्यावर शहर में खुशी का माहौल है। जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने भी इसके लिए एश्वर्या और उसके परिवार को बधाई दी है।

000

बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र से राज्य में बारिश का नया दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग की ओर से आज भी कई जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कल भी अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, बाड़मेर, बालोतरा, भरतपुर और भीलवाड़ा सहित 29 जिलों में गरज के साथ बारिश का येलो अलर्ट बताया गया है। इस बीच, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर, पाली, बारां, बीकानेर, सवाईमाधोपुर और चित्तौड़गढ़ सहित कई जिलों में आंधी-बरसात की गतिविधियां दर्ज की जा रही हैं। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विराट नगर और पावटा में आज कुछ देर मूसलाधार बारिश हुई। झुंझुनूं के नवलगढ़ क्षेत्र, सिरोही जिले के पिंडवाड़ा और आस-पास के इलाकों तथा सलूम्बर में ठंडी हवाओं के साथ थोड़ी देर रिमझिम बारिश का दौर चला। बरसात और बादलों की आवाजाही के कारण तापमान में आई गिरावट से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। नये मौसम तंत्र का असर 16 सितम्बर तक बने रहने की संभावना है। पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों यानि जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उदयपुर संभाग और आस-पास के जिलों में कहीं-कहीं भारी बरसात के भी आसार हैं।

बारिश के इस दौर को देखते हुए खरीफ फसलों को भीगने से बचाने के लिए किसानों को समुचित उपाय करने की सलाह दी गई है। साथ ही कीटनाशकों और अन्य रसायनों का छिड़काव भी बारिश की संभावना को ध्यान में रखकर करने का परामर्श दिया गया है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक डीग और धौलपुर दो ही जिलों में सामान्य से ज्यादा पानी बरसा है। सवाईमाधोपुर, अजमेर, अलवर और बीकानेर सहित 23 जिलों में सामान्य वर्षा दर्ज की गई है। वहीं जयपुर और उदयपुर सहित 15 जिलों में सामान्य से कम पानी बरसा है। सबसे कम बरसात पाली जिले में हुई है।

000

प्रदेश में किडनी रोगियों को आसान और निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मरीजों को समय पर और नजदीकी अस्पताल में ही डायलिसिस सुविधा मिले, इसके लिए सरकारी संस्थानों के साथ ही निजी जनसहभागिता और सी.एस.आर. के सहयोग से इन सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। इस पर और ब्यौरा न्यूज डेस्क से -

000

गणेश चतुर्थी पर्व और गणेश महोत्सव को लेकर प्रदेश में उल्लास और भक्ति का माहौल बना हुआ है। गणेश मंदिरों में सजावट और रोशनी की जा रही है। कहीं मूर्तिकार प्रतिमाओं के श्रृंगार को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, तो कहीं लोग अपनी पसंद के बप्पा की प्रतिमा तलाशते नजर आ रहे हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएं सजाई जा रही हैं। गणपति बप्पा के आगमन के लिए पांडाल लगाये जा रहे हैं और हलवाईयों द्वारा मोदक तथा लड्डू तैयार किये जा रहे हैं। गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितम्बर को मनाया जाएगा। राजधानी जयपुर के प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर में इस उपलक्ष में मोदकों की आकर्षक झांकी सजाई जा रही है।

इस बीच, सवाईमाधोपुर स्थित रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मेले का आज ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। तीन दिन तक चलने वाले इस लक्खी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। झुंझुनूं के चिड़ावा और सलूम्बर के सराड़ा मंदिर सहित कई स्थानों पर गणेश महोत्सव रखे गये हैं।

लोकदेवता बाबा रामदेव का मेला कल से शुरू होगा। जैसलमेर जिले में बाबा की समाधि स्थल रामदेवरा पर मंगला आरती के साथ ही मेले की शुरूआत होगी। मेले में देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई हैं। सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त के साथ ही प्रभावी निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं।

उधर, बाड़मेर जिले के शिव क्षेत्र के रामदेरिया गांव में अवतार धाम पर कल से भादवा मेला लगेगा। उधर, पाली के घूमटी स्थित बाबा रामेदव का भादवा मेला कल से भरेगा।

000